रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

प्री–पीएचडी प्रवेश परीक्षा (डी.ई.टी.) 30 अक्टूबर को आयोजित होगी

जबलपुर 21 अक्टूबर। माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र जी की अध्यक्षता, कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह तथा शिक्षण विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों की उपस्थिति में आज प्रातः दिनांक 21.10.2021 को प्री–पीएचडी प्रवेश परीक्षा (डी.ई.टी.) की बैठक सम्पन्न हुई। माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने डीईटी के आयोजन की पूर्व तैयारी हेतु संबंधितों को दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि डीईटी दिनांक 30 अक्टूबर, 2021 को प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित होगी। छात्र–छात्राओं को प्रातः 10.30 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के विक्रम साराभाई परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा। दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 को सायं 4.00 बजे से प्रवेश–पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। इसके लिए आवेदक विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर जाकर एप्लीकेशन नं. एवं जन्म तिथि टाइप कर प्रवेश–पत्र को डाउनलोड कर सकते हैं। छात्र–छात्राओं को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के समय पहचान–पत्र दिखाना अनिवार्य है। परीक्षा केन्द्र में बिना पहचान–पत्र के प्रवेश वर्जित है। डीईटी के दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया जायेगा। डीईटी के परिणाम दिनांक 02 नवम्बर, 2021 को घोषित किए जायेंगे।

बैठक में प्रभारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेन्डसे, परीक्षा केन्द्राध्यक्ष प्रो. विवेक मिश्रा, प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. कमलेश मिश्रा, प्रो. एस.एन. बागची, प्रो. शैलेष चौबे, प्रो. आर.के. यादव, प्रो. पी.के. खरे, डॉ. जे.के. मैत्रा, उपकुलसचिव (परीक्षा) डॉ. दीपेश मिश्रा, सहायक कुलसचिव श्रीमती सुनीता देवड़ी, सुश्री मिनाल गुप्ता, ऑनलाइन प्रभारी डॉ. आर.के. गुप्ता, कम्प्यूटर सेन्टर प्रभारी डॉ. अजय गुप्ता सहित विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे।

वि.वि. में प्रवेश तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में जिन विषयों में सीट रिक्त है उनमें प्रवेश की तिथि दिनांक 30 अक्टूबर, 2021 तक बढ़ा दी

गई है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त जानकारी प्रवेश संयोजक प्रो. शैलेष चौबे द्वारा दी गई।